# पर्यावरण को बचाने के लिए खुद से शुरुआत करनी होगी : अलागेसन

## स्वच्छता पखवाड़े के समापन पर किया पौधारोपण



स्वच्छता पखवाड़े के समापन पर नेपा मिल में पौधारोपण करते अधिकारी। ● नईदुनिया

**नईदुनिया प्रतिनिधि, बुरहानपुरः** नेपा लिमिटेड में शनिवार को स्वच्छता पखवाड़े का समापन समारोह आयोजित किया गया। प्रशासनिक भवन के केंद्रीय सभागार में महाप्रबंधक कार्य राम अलागेसन ने अधिकारी, कर्मचारियों से कहा कि देश का नागरिक और धरती का निवासी होने के नाते हमारी यह जिम्मेदारी है कि हम इस धरती को स्वच्छ, सुंदर और प्रदूषण से मुक्त बनाएं। हमें पर्यावरण को बचाने के लिए खुद शुरुआत करनी चाहिए। अपने आसपास की जगह को साफ सुथरा और हरा-भरा रखना चाहिए। सभी प्रयास करें तो एक बेहतर पर्यावरण का निर्माण कर पाएंगे।

महाप्रबंधक विपणन एवं वाणिज्यिक अजय गोयल ने कहा कि स्वच्छता हमें अपने आचरण में लाने की आवश्यकता है। विदेशों में कई शहर बहुत सुंदर और स्वच्छ हैं। कप्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन महेंद्र केशरी ने कहा कि हर चीज की शुरुआत खुद से होती हैं। इंदौर शहर इसकी मिसाल है।

**प्रतियोगिता से किया जागरूकः** जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि नेपा लिमिटेड में 16 अगस्त से पखवाड़े की शुरुआत की गई थी। सामूहिक श्रमदान, स्वच्छता सेल्फी बूथ, रंगोली, स्वच्छता नारा प्रतियोगिता, पौधारोपण के साथ विभिन्न गतिविधियां की गईं।

समापन पर कर्मियों द्वारा आजीवन स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। सभी ने पौधारोपण भी किया।

स्वच्छता पखवाड़े का समापन

नेपा मिल में 16 अगस्त से चल रहा था पखवाड़ा, शनिवार को हुआ समापन

# धरती को प्रदूषणमुक्त और सुंदर बनाना हमारी जिम्मेदारी : सीएमडी

पत्रिका अभियान

स्वच्छ हो शहर



कार्यक्रम में मौजूद नेपा मिल अफसर कर्मी।

**नेपानगर.** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में शनिवार को स्वच्छता पखवाड़े का समापन हुआ। प्रशासनिक भवन के केंद्रीय सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक कार्य राम अलागेसन ने अफसर, कर्मियों को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि हमारी यह जिम्मेदारी है कि हम इस धरती को स्वच्छ, सुंदर और प्रदूषण से मुक्त बनाएं। हमें पर्यावरण को बचाने के लिए खुद शुरुआत करनी चाहिए। अगर हर इनसान अपने आसपास की जगह को स्वच्छ बनाने लग जाए तो हम एक बेहतर पर्यावरण का निर्माण कर पाएंगे।

महाप्रबंधक विपणन, वाणिज्यिक अजय गोयल ने कहा कि विदेशों में कई सारे शहर बहुत सुंदर और स्वच्छ हैं क्योंकि, वहां के नागरिक पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हैं और उसे तन मन धन से निभाते भी हैं। यदि हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभाने लग जाए तो यह धरती स्वर्ग से भी सुंदर बन जाए। प्रबंधक कार्मिक, प्रशासन महेंद्र केशरी ने कहा जब हम खुद से इसकी शुरुआत करते हैं तो परिणाम भी प्राप्त होते हैं। इसलिए स्वच्छता की शुरुआत खुद से कर परिवार, गांव, शहर, जिला, राज्य और इसके बाद पूरे देश को बदलाव की ओर मोड़ा जा सकता है।

## विभिन्न कार्यक्रम हुए

जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया नेपा लिमिटेड में 16 अगस्त से स्वच्छता शपथ के साथ इस पखवाड़े की शुरुआत की गई थी जो 31 अगस्त तक विभिन्न गतिविधियों जैसे सामूहिक श्रम दान, स्वच्छता सेल्फी बूथ, रंगोली, स्वच्छता नारा प्रतियोगिता, पौधरोपण के साथ मनाया गया। समापन समारोह पर मिल के अफसर कर्मियों द्वारा आजीवन स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया।

## पौधरोपण भी किया

इस अवसर पर स्थानीय पंडित जवाहरलाल नेहरू क्रिकेट स्टेडियम के बाजू में स्थित अनाम श्रमिक स्मारक पर पौधारोपण भी किया गया। जीवन के विभिन्न अवसरों जैसे जन्म दिन, विवाह वर्षगांठ, पर्वो और त्योहारों सहित किसी की पुण्यतिथि पर निरंतर पौधरोपण का संकल्प भी लिया गया।

इस दौरान उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता वरिष्ठ प्रबंधक, अनुरक्षण ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक श्रम कल्याण किशोर महाजन, प्रबंधक सतर्कता प्रकोष्ठ संजीव कानाडे, प्रबंधक यांत्रिकी विजय चौधरी, नेपा चिकित्सालय के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार झंझडीवाल, प्रबंधक वाणिज्यिक राजेंद्र जाधव, उप प्रबंधक वित्त सीएन वर्मा, सहायक प्रबंधक आईटी विजय भामरे, सहायक प्रबंधक पावर हाउस स्वतंत्र कुमार कसेरा, नेपा मिल श्रमिक संघ अध्यक्ष देवीदास लोखंडे, उमाशंकर द्विवेदी, शिरीष येलवनकर, युवराज मोदी, उदेश नकुल, कैलाश वर्मा, प्रभुलाल जायसवाल, रमेश तायड़े, मुकेश चौहान, मिलिंद किरंगे, मोहम्मद इलियास सिद्दीकी, सुषमा गौर, सौम्या क्षोत्रिय, रीतिका भमोरे, मुनीश्वर धीमन उपस्थित थे।

दैनिक भास्कर

बुरहानपुर 02-09-2024

कार्यक्रम • कर्मचारियों ने परिसर में किया पौधारोपण, संरक्षण का लिया संकल्प, मुख्य अतिथि ने कहा-

# आसपास की जगह को स्वच्छ बनाने लग जाए तो बेहतर पर्यावरण का निर्माण कर पाएंगे

भास्कर संवाददाता | नेपानगर



अफसर, कर्मचारियों ने पौधारोपण भी किया।

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में शनिवार को स्वच्छता पखवाड़े का समापन हुआ। प्रशासनिक भवन के केंद्रीय सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक कार्य राम अलागेसन ने अफसर, कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश का नागरिक और धरती के निवासी होने के नाते हमारी यह जिम्मेदारी है कि हम इस धरती को स्वच्छ, सुंदर और प्रदूषण से मुक्त बनाएं। हमें पर्यावरण को बचाने के लिए खुद शुरुआत करनी चाहिए और अपने आसपास की जगह को साफ सुथरा और हरा भरा रखना चाहिए। अगर हर इंसान अपने आसपास की जगह को स्वच्छ बनाने लग जाए, तो हम एक बेहतर पर्यावरण का निर्माण कर पाएंगे।

महाप्रबंधक विपणन, वाणिज्यिक अजय गोयल ने कहा कि स्वच्छता हमें अपने आचरण में लाने की आवश्यकता है। विदेशों में कई सारे शहर बहुत सुंदर और स्वच्छ हैं। क्योंकि वहां के नागरिक पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हैं। उसे तन-मन-धन से निभाते भी हैं। यदि हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभाने लग जाए, तो यह धरती स्वर्ग से भी सुंदर बन जाए। प्रबंधक कार्मिक, प्रशासन महेंद्र केशरी ने कहा हर चीज की शुरुआत खुद से प्रारंभ होती है। जब हम खुद से इसकी शुरुआत करते हैं, तो परिणाम भी प्राप्त होते हैं। इसलिए स्वच्छता की शुरुआत खुद से कर परिवार, गांव, शहर, जिला, राज्य और इसके बाद पूरे देश को बदलाव की ओर मोड़ा जा सकता है। पूरे भारत में सबसे स्वच्छ हमारे पास का ही शहर इंदौर हमारे सामने एक मिसाल है। इसके बाद पौधारोपण कर संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक अनुरक्षण ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक श्रम कल्याण किशोर महाजन, प्रबंधक सतर्कता प्रकोष्ठ संजीव कानाडे, प्रबंधक यांत्रिकी विजय चौधरी, नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार झंझडीवाल, प्रबंधक वाणिज्यिक राजेंद्र जाधव, उप प्रबंधक वित्त सीएन वर्मा, सहायक प्रबंधक आईटी विजय भामरे, सहायक प्रबंधक पावर हाउस स्वतंत्र कुमार कसेरा, नेपा मिल श्रमिक संघ के अध्यक्ष देवीदास लोखंडे, उमाशंकर द्विवेदी, शिरीष येलवनकर, युवराज मोदी, उदेश नकुल, कैलाश वर्मा, प्रभुलाल जायसवाल, रमेश तायड़े, मुकेश चौहान, मिलिंद किरंगे, मोहम्मद इलियास सिद्दीकी, सुषमा गौर, सौम्या क्षोत्रिय, रीतिका भमोरे, मुनीश्वर धीमन सहित कई अफसर, कर्मचारी मौजूद थे।

## 16 अगस्त से हुई थी पखवाड़े की शुरुआत

जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया नेपा लिमिटेड में 16 अगस्त से स्वच्छता शपथ के साथ इस पखवाड़े की शुरुआत की थी, जो 31 अगस्त तक विभिन्न गतिविधियों जैसे सामूहिक श्रम दान, स्वच्छता सेल्फी बूथ, रंगोली, स्वच्छता नारा प्रतियोगिता, पौधारोपण के साथ मनाया गया। समापन समारोह पर मिल के अफसर कर्मियों द्वारा आजीवन स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर स्थानीय पंडित जवाहरलाल नेहरू क्रिकेट स्टेडियम के पास स्थित अनाम श्रमिक स्मारक पर पौधारोपण भी किया गया। जीवन के विभिन्न अवसरों जैसे जन्म दिन, विवाह वर्षगांठ, पर्वों और त्योहारों सहित किसी की पुण्यतिथि इत्यादि पर निरंतर पौधारोपण का संकल्प भी लिया गया।

# स्वच्छता पखवाड़े का समापन : अफसर कर्मियों ने आजीवन स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



**हुसैन खोंकर । कलम मेरी पहचान**

बुरहानपुर केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में शनिवार को स्वच्छता पखवाड़े का समापन समारोह आयोजित किया गया।प्रशासनिक भवन के केंद्रीय सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक कार्य राम अलागेसन ने अफसर कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश का नागरिक और धरती के निवासी होने के नाते हमारी यह जिम्मेदारी है कि हम इस धरती को स्वच्छ, सुंदर और प्रदूषण से मुक्त बनाएं। हमें पर्यावरण को बचाने के लिए खुद शुरुआत करनी चाहिए और अपने आसपास की जगह को साफ सुथरा और हरा भरा रखना चाहिए। अगर हर इंसान अपने आसपास की जगह को स्वच्छ बनाने लग जाए तो हम एक बेहतर पर्यावरण का निर्माण कर पाएंगे। महाप्रबंधक विपणन एवं वाणिज्यिक अजय गोयल ने कहा कि स्वच्छता हमें अपने आचरण में लाने की आवश्यकता हैं। विदेशों में कई सारे शहर बहुत सुंदर और स्वच्छ हैं क्योंकि, वहां के नागरिक पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हैं और उसे तन मन धन से निभाते भी है। यदि हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभाने लग जाएं तो यह धरती स्वर्ग से भी सुंदर बन जाएं। प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन महेंद्र केशरी ने कहा कि हर चीज की शुरुआत खुद से प्रारंभ होती हैं। जब हम खुद से इसकी शुरुआत करते हैं तो परिणाम भी प्राप्त होते हैं। अतः स्वच्छता की शुरुआत खुद से करके परिवार, गांव, शहर, जिला, राज्य और इसके बाद पूरे देश को बदलाव की ओर मोड़ा जा सकता है। पूरे भारत में सबसे स्वच्छ हमारे पास का ही शहर इंदौर हमारे सामने एक मिसाल हैं। जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि नेपा लिमिटेड में भारत सरकार के दिशा निर्देशन में 16 अगस्त को स्वच्छता शपथ के साथ इस पखवाड़े की शुरुआत की गई थी जो 31 अगस्त तक विभिन्न गतिविधियों जैसे सामूहिक श्रम दान, स्वच्छता सेल्फी बूथ, रंगोली, स्वच्छता नारा प्रतियोगिता, पौधारोपण के साथ मनाया गया। समापन समारोह पर मिल के अफसर कर्मियों द्वारा आजीवन स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर स्थानीय पंडित जवाहरलाल नेहरु क्रिकेट स्टेडियम के बाजू में स्थित अनाम श्रमिक स्मारक पर पौधारोपण भी किया गया तथा जीवन के विभिन्न अवसरों जैसे जन्म दिन , विवाह वर्षगांठ, पर्वो और त्योहारों सहित किसी की पुण्यतिथि इत्यादि पर निरंतर पौधारोपण का संकल्प भी लिया गया। इस दौरान उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक अनुरक्षण ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक श्रम कल्याण किशोर महाजन, प्रबंधक सतर्कता प्रकोष्ठ संजीव कानाडे, प्रबंधक यांत्रिकी विजय चौधरी, नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार झंझडीवाल, प्रबंधक वाणिज्यिक राजेंद्र जाधव, उप प्रबंधक वित्त सीएन वर्मा, सहायक प्रबंधक आईटी विजय भामरे, सहायक प्रबंधक पावर हाउस स्वतंत्र कुमार कसेरा, नेपा मिल श्रमिक संघ के अध्यक्ष देवीदास लोखंडे, उमाशंकर द्विवेदी, शिरीष येलवनकर, युवराज मोदी, उदेश नकुल, कैलाश वर्मा, प्रभुलाल जायसवाल, रमेश तायड़े, मुकेश चौहान, मिलिंद किरंगे, मोहम्मद इलियास सिद्दीकी, सुषमा गौर, सौम्या क्षोत्रिय, रीतिका भमोरे, मुनीश्वर धीमन सहित कई अफसर कर्मी उपस्थित थे।

# नेपा लिमिटेड में स्वच्छता पखवाड़े का समापन समारोह आयोजित किया

**जिला ब्यूरो चीफ रविंद्र इंगले नेपानगर रिपोर्टर असलम गवलकर** बुरहानपुर/नेपानगर। में केंद्रीय



भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में शनिवार को स्वच्छता पखवाड़े का समापन समारोह आयोजित किया गया।प्रशासनिक भवन के केंद्रीय सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक कार्य राम अलागेसन ने अफसर कर्मियों को संबोधित करते हुए।कहा कि देश का नागरिक और धरती के निवासी होने के नाते हमारी यह जिम्मेदारी है। कि हम इस धरती को स्वच्छ,सुंदर और प्रदूषण से मुक्त बनाएं। हमें पर्यावरण को बचाने के लिए खुद शुरुआत करनी चाहिए और अपने आसपास की जगह को साफ सुथरा और हरा भरा रखना चाहिए।अगर हर इंसान अपने आसपास की जगह को स्वच्छ बनाने लग जाए तो हम एक बेहतर पर्यावरण का निर्माण कर पाएंगे। महाप्रबंधक विपणन एवं वाणिज्यिक अजय गोयल ने कहा कि स्वच्छता हमें अपने आचरण में लाने की आवश्यकता हैं।विदेशों में कई सारे शहर बहुत सुंदर और स्वच्छ हैं। क्योंकि,वहां के नागरिक पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हैं और उसे तन मन धन से निभाते भी है।यदि हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभाने लग जाएं तो यह धरती स्वर्ग से भी सुंदर बन जाएं। प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन महेंद्र केशरी ने कहा कि हर चीज की शुरुआत खुद से प्रारंभ होती हैं।जब हम खुद से इसकी शुरुआत करते हैं।तो परिणाम भी प्राप्त होते हैं। अत स्वच्छता की शुरुआत खुद से करके परिवार, गांव,शहर,जिला, राज्य और इसके बाद पूरे देश को बदलाव की ओर मोड़ा जा सकता है।पूरे भारत में सबसे स्वच्छ हमारे पास का ही शहर इंदौर हमारे सामने एक मिसाल हैं। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि नेपा लिमिटेड में भारत सरकार के दिशा निर्देशन में 16 अगस्त को स्वच्छता शपथ के साथ इस पखवाड़े की शुरुआत की गई थी। जो 31 अगस्त तक विभिन्न गतिविधियों जैसे सामूहिक श्रम दान, स्वच्छता सेल्फी बूथ, रंगोली,स्वच्छता नारा प्रतियोगिता, पौधारोपण के साथ मनाया गया।समापन समारोह पर मिल के अफसर कर्मियों द्वारा आजीवन स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर स्थानीय पंडित जवाहरलाल नेहरू क्रिकेट स्टेडियम के बाजू में स्थित अनाम श्रमिक स्मारक पर पौधारोपण भी किया गया तथा जीवन के विभिन्न अवसरों जैसे जन्म दिन ,विवाह वर्षगांठ,पर्वों और त्योहारों सहित किसी की पुण्यतिथि इत्यादि पर निरंतर पौधारोपण का संकल्प भी लिया गया।इस दौरान उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता,वरिष्ठ प्रबंधक अनुरक्षण ज्ञानेश्वर खैरनार,प्रबंधक श्रम कल्याण किशोर महाजन, प्रबंधक सतर्कता प्रकोष्ठ संजीव कानाडे,प्रबंधक यांत्रिकी विजय चौधरी, नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार झंझडीवाल,प्रबंधक वाणिज्यिक राजेंद्र जाधव,उप प्रबंधक वित्त सीएन वर्मा, सहायक प्रबंधक आईटी विजय भामरे, सहायक प्रबंधक पावर हाउस स्वतंत्र कुमार कसेरा,नेपा मिल श्रमिक संघ के अध्यक्ष देवीदास लोखंडे, उमाशंकर द्विवेदी, शिरीष येलवनकर, युवराज मोदी,उदेश नकुल,कैलाश वर्मा, प्रभुलाल जायसवाल, रमेश तायड़े,मुकेश चौहान,मिलिंद किरंगे, मोहम्मद इलियास सिद्दीकी,सुषमा गौर, सौम्या क्षोत्रिय,रीतिका भमोरे,मुनीश्वर धीमन सहित कई अफसर कर्मी उपस्थित थे।

स्वदेश

खंडवा - मुख्य संस्करण

Date 2 Sep 2024

# धरती को स्वच्छ, सुंदर और प्रदूषण से मुक्त बनाएं

## नेपा लिमिटेड में स्वच्छता पखवाड़े का समापन



**स्वदेश समाचार ■ नेपानगर**

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में शनिवार को स्वच्छता पखवाड़े का समापन हुआ।

प्रशासनिक भवन के केंद्रीय सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक कार्य राम अलागेसन ने अफसर, कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश का नागरिक और धरती के निवासी होने के नाते हमारी यह जिम्मेदारी है कि हम इस धरती को स्वच्छ, सुंदर और प्रदूषण से मुक्त बनाएं। हमें पर्यावरण को बचाने के लिए खुद शुरुआत करनी चाहिए और अपने आसपास की जगह को साफ सुथरा और हरा भरा रखना चाहिए। अगर हर इंसान अपने आसपास की जगह को स्वच्छ बनाने लग जाए तो हम एक बेहतर पर्यावरण का निर्माण कर पाएंगे।

महाप्रबंधक विपणन, वाणिज्यिक अजय गोयल ने कहा कि स्वच्छता हमें अपने आचरण में लाने की आवश्यकता है। विदेशों में कई सारे शहर बहुत सुंदर और स्वच्छ हैं क्योंकि, वहां के नागरिक पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हैं और उसे तन मन धन से निभाते भी हैं। यदि हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभाने लग जाए तो यह धरती स्वर्ग से भी सुंदर बन जाए। प्रबंधक कार्मिक, प्रशासन महेंद्र केशरी ने कहा हर चीज की शुरुआत खुद से प्रारंभ होती है। जब हम खुद से इसकी शुरुआत करते हैं तो परिणाम भी प्राप्त होते हैं। इसलिए स्वच्छता की शुरुआत खुद से कर परिवार, गांव, शहर, जिला, राज्य और इसके बाद पूरे देश को बदलाव की ओर मोड़ा जा सकता है। पूरे भारत में सबसे स्वच्छ हमारे पास का ही शहर इंदौर हमारे सामने एक मिसाल है।

जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया नेपा लिमिटेड में 16 अगस्त से स्वच्छता शपथ के साथ इस पखवाड़े की शुरुआत की गई थी जो 31 अगस्त तक विभिन्न गतिविधियों जैसे सामूहिक श्रम दान, स्वच्छता सेल्फी बूथ, रंगोली, स्वच्छता नारा प्रतियोगिता, पौधारोपण के साथ मनाया गया। समापन समारोह पर मिल के अफसर कर्मियों द्वारा आजीवन स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस दौरान उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक अनुरक्षण ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक श्रम कल्याण किशोर महाजन, प्रबंधक सतर्कता प्रकोष्ठ संजीव कानाड आदि उपस्थित थे।